सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या– 333
02/04/2026

राज्यपाल ने स्वाथ्य विभाग के कार्यों की जानकारी प्राप्त की

पटना 02 अप्रैल, 2026 :– माननीय राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने बिहार लोक भवन, पटना में स्वास्थ्य विभाग के सचिव से बिहार में स्वास्थ्य के क्षेत्र में चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त की तथा महत्वपूर्ण निदेश दिये।

राज्यपाल ने बिहार को टीबी (क्षय रोग) मुक्त बनाने के लिए विशेष और समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जन–जागरूकता अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके लिए व्यापक स्तर पर आई.ई.सी. (सूचना, शिक्षा एवं संचार) गतिविधियों को और अधिक सशक्त तथा प्रभावी बनाया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं और सेवाओं का विस्तार केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित न रहकर ग्रामीण क्षेत्रों तक भी समान रूप से सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि हर व्यक्ति को समय पर और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध हो सके।

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आई०सी०एम०आर०) की तर्ज पर बिहार में भी एक सक्षम एवं विशेषज्ञों से युक्त सलाहकार निकाय का गठन किया जाना चाहिए, जो स्वास्थ्य संबंधी नीतियों के निर्माण और उनके प्रभावी क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान कर सके।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग के सचिव एवं अन्य अधिकारियों ने पावर प्वाइंट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से राज्य के विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों में यू०जी० एवं पी०जी० सीटों तथा बिस्तरों की संख्या, चिकित्सा महाविद्यालयों की संख्या तथा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के बारे में बताया। उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों जैसे– स्वास्थ्य सुविधाएँ, संस्थागत प्रसव व नियमित टीकाकरण, बिहार एच०पी०वी० टीकाकरण, बिहार में एनीमिया की स्थिति, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, बाल हृदय योजना, बाल श्रवण योजना, अंधता नियंत्रण कार्यक्रम, शहरी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएँ आदि के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बिहार में टी०बी० मुक्त भारत अभियान की भी विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ० रॉबर्ट एल० चोंग्थू, स्वास्थ्य विभाग के सचिव श्री लोकेश कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारीगण, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

……………………………………